66

**सं0 11013/01/2025-समिति-6**

**संसदीय राजभाषा समिति**

**11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011**

**दिनांक: 31/10/2025**

**<u>परिपत्र</u>**

**विषय: <u>संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय में 01 वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, 01 हिंदी अधिकारी, 05 अनुसंधान सहायक, 03 सहायक, 02 आशुलिपिक वर्ग 'ग' 04 आशुलिपिक वर्ग 'घ' एवं 02 अवर श्रेणी लिपिक के नि:संवर्गीय पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में।</u>**

संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी 01, हिंदी अधिकारी 01, अनुसंधान सहायक 05, सहायक 03, आशुलिपिक वर्ग- 'ग' 02, आशुलिपिक वर्ग-'घ' 04 और अवर श्रेणी लिपिक के 02 रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना अपेक्षित हैं।

2. ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन जो अनुबंध-I के अनुसार अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएं/अर्हताएं रखते हों, अनुबंध-II व III में निर्धारित प्रोफ़ार्मो में भरकर भेजे जाएं। उक्त पदों के लिए स्वेच्छा से अपना नाम देने वाले कार्मिकों को बाद में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त पदों का वेतनमान व योग्यता शर्ते अनुबंध-I में दी गई हैं।

3. ऐसे अधिकारी जो संबंधित पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक हों तथा अपेक्षित योग्यताएं एवं शर्तों को पूरा करते हों व जिन्हें चयनित हो जाने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के आवेदन (दो प्रतियों में) "रोजगार समाचार" में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि के 60 दिन के अंदर निम्नलिखित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी को उचित माध्यम से भेज दें:-

i. पिछले 05 वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट की स्व-प्रमाणित प्रतियां।
ii. नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र।
iii. आवेदक के संबंध में संवर्ग अनापत्ति प्रमाण-पत्र।

4. आवेदन पत्रों को अग्रेषित करने से पूर्व संबंधित कार्यालयों द्वारा उनमें दिए गए विवरणों की अच्छी तरह से जांच कर ली जाए कि अभ्यर्थी पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं। समिति सचिवालय द्वारा अधूरे आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रतिनियुक्ति के दौरान संबंधित अधिकारी को, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ए.बी.-6/8/2009-स्था0(वेतन-II), समय-समय पर यथा-संशोधित, में उल्लिखित प्रतिनियुक्ति के प्रावधानों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

5. सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से यह भी अनुरोध है कि वे उक्त रिक्त पद की सूचना अपने सभी सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों को भी दें।

राधा 31/10/25

(राधा कत्याल नारंग)
सचिव (समिति)
दूरभाष 011-23012933

**<u>भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा विभाग</u>**

अनुलग्नक-1

| क्रं सं. | पदनाम | रिक्त पद | वेतनमान | योग्यता की शर्तें प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी** | **01** | ₹10,000-325-15,200 **(संशोधन से पूर्व)**<br><br>₹15,600-39,100 ग्रेड-पे-6600 **(6ठे सीपीसी के अनुसार)**<br><br>**7वें सीपीसी में वेतन मैट्रिक्स 67700-208700 के स्तर-11 में** | **प्रतिनियुक्ति द्वारा**<br><br>केंद्र सरकार के ऐसे अधिकारी:<br><br>(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए; या<br><br>(ii) ₹8000-13500 या समकक्ष वेतनमान वाले पदों पर पाँच वर्ष की नियमित सेवा; और<br><br>(iii) ₹6500-10500 या समकक्ष वेतनमान वाले पदों पर आठ वर्ष की नियमित सेवा; और<br><br>**(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव रखते हों;**<br><br>((i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो; या<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी एक विषय के रूप में हो; या<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी एवं अंग्रेजी विषय के रूप में हों; या<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, जिसमें हिंदी माध्यम हो और डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय हो; या<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, जिसमें अंग्रेजी माध्यम हो और डिग्री स्तर पर हिंदी विषय हो।<br><br>**(ii) सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में पाँच वर्ष का अनुभव।**<br><br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) |
| **2.** | हिंदी अधिकारी | **01** | ₹6500-200-10,500 **(संशोधन से पूर्व)**<br><br>₹9300-34,800 ग्रेड-पे-4800 **(6ठे सीपीसी के अनुसार)**<br><br>**7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स 47600-151100 के स्तर-8 में)** | **प्रतिनियुक्ति द्वारा**<br><br>केंद्र सरकार के ऐसे अधिकारी:<br><br>(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए;<br>**या**<br>(ii) ₹5500-9000 या समकक्ष वेतनमान वाले पदों पर तीन वर्ष की नियमित सेवा; **या**<br>(iii) ₹5000-8000 या समकक्ष वेतनमान वाले पदों पर छह वर्ष की नियमित सेवा; **या**<br>(iv) ₹4500-7000 या समकक्ष वेतनमान वाले पदों पर आठ वर्ष की नियमित सेवा; और<br>**(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएँ और अनुभव रखते हों;**<br>(i) अनिवार्य: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में; **या**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, डिग्री स्तर पर हिंदी एक विषय के रूप में; **या**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, डिग्री स्तर पर हिंदी एवं अंग्रेजी विषय के रूप में; या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, जिसमें हिंदी माध्यम हो और डिग्री स्तर पर अंग्रेजी विषय हो; **या**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष, जिसमें अंग्रेजी माध्यम हो और डिग्री स्तर पर हिंदी विषय हो।<br>**(ii) सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में तीन वर्ष का अनुभव।**<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाहय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) |

69

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **3.** | अनुसंधान सहायक | 05 | ₹5500-175-9000/-<br>**(संशोधन से पूर्व)**<br>₹9300-34800 ग्रेड-पे-4200 **(6ठे सीपीसी के अनुसार)**<br>**7वें सीपीसी में वेतन मैट्रिक्स 35400-112400 के स्तर-6 में** | **प्रतिनियुक्ति द्वारा**<br>केंद्र सरकार के ऐसे कार्मिक:<br>(क)(1)जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; **या**<br>(2) जिन्होने ₹5000-8000/- (संशोधन से पूर्व) के या समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर तीन वर्ष की नियमित सेवा की है; **या**<br>(3) जिन्होंने ₹4500-7000/- (संशोधन से पूर्व) के वेतनमान वाले पदों या समकक्ष पदों पर छः वर्ष के नियमित सेवा की है; **या**<br>(4) जिन्होने ₹4000-6000/- (संशोधन से पूर्व) के वेतनमान वाले पदों या समकक्ष पदों पर दस वर्ष के नियमित सेवा की है. **और**<br>**(ख) जिनके पास सरकार की राजभाषा नीति से संबंधित हिंदी में टिप्पण और प्रारूपण संबंधी दो वर्ष का अनुभव है ।**<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 **वर्ष** से अधिक नहीं होगी।) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को **56 वर्ष** से अधिक नहीं होगी। |
| **4.** | सहायक | 03 | ₹1400-40-1600-50-2300-60-2600<br>**(संशोधन से पूर्व)**<br>₹5000-150-8000/-<br>**(5वें सीपीसी में संशोधित)**<br>₹9300-34800 ग्रेड-पे-4200 **(6ठे सीपीसी में संशोधित)**<br>**7वें सीपीसी में वेतन मैट्रिक्स 35400-112400 के स्तर-6 में** | **प्रतिनियुक्ति द्वारा**<br>केंद्र सरकार के कार्यालयों कार्यरत ऐसे कर्मचारी:-<br>(1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; **या**<br>(2) जिन्होंने ₹4000-100-6000/- (संसोधन से पूर्व) **या** समतुल्य वेतन वाले पदों पर पांच वर्ष की नियमित सेवा की है।<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 **वर्ष** से अधिक नहीं होगी) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को **56** वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| **5.** | आशुलिपिक वर्ग "ग" | 02 | ₹5000-150-8000<br>**(संशोधन से पूर्व)**<br>₹9300-34800 ग्रेड-पे-4200 **(6ठे सीपीसी के अनुसार)**<br>**7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स 35400-112400 के स्तर-6 में** | **प्रतिनियुक्ति द्वारा**<br>केंद्र सरकार के ऐसे कार्मिक:<br>(1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों **या**<br>(2) जिन्होने ₹4000-100-6000/- (संशोधन से पूर्व) के वेतनमान में आशुलिपिक के रूप में **पांच वर्ष** की नियमित सेवा की है और जो हिन्दी या अँग्रेजी आशुलिपि में 100 शब्द प्रति मिनट की गति रखते हैं।<br>**(3) हिन्दी आशुलिपि जानने वाले को अधिमानता दी जायेगी।** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 **वर्ष** से अधिक नहीं होगी।) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को **56 वर्ष** से अधिक नहीं होगी। |
| **6.** | आशुलिपिक वर्ग "घ" | 04 | ₹1200-30-1560-40-2040 **(संशोधन से पूर्व)**<br><br>₹4000-100- 6000 **(5वें सीपीसी में संशोधित)**<br><br>₹5200-20200 ग्रेड-पे-2400 **(6ठे सीपीसी के अनुसार)**<br>**7वें सीपीसी में वेतन मैट्रिक्स25500-81100 के स्तर-4 में** | **प्रतिनियुक्ति द्वारा**<br><br>केंद्र सरकार के ऐसे कार्मिक:<br><br>(1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों **या**<br>(2) निम्न श्रेणी लिपिक के वेतनमान में दो वर्ष की नियमित सेवा की है और जो अँग्रेजी या हिंदी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट की गति रखते हैं।<br>**(3) हिंदी आशुलिपि जानने वाले को अधिमानता दी जायेगी।**<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 7. | अवर श्रेणी लिपिक | 02 | ₹950-20-1150-25-1500 **(संशोधन से पूर्व)**<br>₹3050-75-3950-80-4590 **(5वें सीपीसी में संशोधित)**<br>₹5,200-20,200 ग्रेड-पे 1900 **(6ठे सीपीसी के अनुसार)**<br>**7वें सीपीसी में वेतन मैट्रिक्स19900-63200 के स्तर-2 में** | **प्रतिनियुक्ति द्वारा**<br><br>केंद्र सरकार के कार्यालयों कार्यरत ऐसे कर्मचारी:-<br>(1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों तथा जिन्हें 03 वर्ष की नियमित सेवा का अनुभव हो। **या**<br>ऐसे एमटीएस जो मैट्रिक पास हों और जिनकी सेवा 05 (पांच) वर्ष की नियमित सेवा से अधिक हो तथा जिनकी हिंदी एवं अंग्रेजी में टंकण की गति क्रमश: न्यूनतम 30 एवं 25 शब्द प्रति मिनट हो। कंप्यूटर पर हिंदी/अंग्रेजी में कार्य करने का ज्ञान होना अनिवार्य है। |

***संशोधित वेतनमान 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर हैं।**

## आवेदन पत्र का प्रारूप

**जिस पद के लिए आवेदन किया गया है:-**

| | |
|---|---|
| 1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)<br><br>मोबाइल नं.<br><br>ईमेल आईडी | |
| 2. जन्म तिथि (ईसवी सन में) | |
| 3. (I) सेवा में आने की तारीख<br><br>(II) केंद्र/राज्य सरकारी नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 4. शैक्षिक योग्यताएं | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं?<br><br>(यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित अर्हता के समरूप मानी गई हो तो उसके प्रमाण का उल्लेख करें) | |
| विज्ञापित/रिक्ति परिपत्र में यथा उल्लिखित अर्हता/ अनुभव आवश्यक:<br><br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव | अधिकारी द्वारा प्राप्त अर्हता/अनुभव<br><br>आवश्यक:<br><br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव |
| वांछनीय:<br><br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव | वांछनीय:<br><br>क) अर्हता<br>ख) अनुभव |
| क) 5.1 टिप्पणी : परिपत्र/रोजगार में विज्ञापन जारी करते समय प्रशासनिक मंत्रालय / विभाग / कार्यालय द्वारा भर्ती नियमों में यथाउल्लिखित आवश्यक और वांछित अर्हताओं को प्रदशित करने के लिए इस कॉलम को प्रवधित करने की आवश्यकता है।<br>5.2 डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हताओं के मामले में आवेदक के ऐच्छिक/मुख्य विषयों तथा सहायक विषयों को निर्दिष्ट करना होगा। | |

| | |
|---|---|
| 6. ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आलोक में कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि आप पद के लिए आवश्यक अर्हताएं और कार्य का अनुभव रखते हैं। | |

6.1 टिप्पणी: आवेदित पद के संदर्भ में आवेदक द्वारा धारित सबंद्ध आवश्यक अर्हता/ कार्य अनुभव (जीवनवृत में यथानिर्दिष्ट) की पुष्टि करते हुए आपूर्तिकर्ता विभागों को अपनी विशेष टिप्पणी/दृष्टिकोण उपलब्ध कराने होंगे)

7. अवधिवार रोजगार के ब्यौरे। यदि नीचे स्थान पर्याप्त न हो तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित अलग शीट संलग्न करें।

पृष्ठ /शीट

| कार्यालय/संस्था | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान | कार्य का स्वरूप (विस्तृत रूप में) जिसमें आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव को विशिष्टता से दर्शाया गया है। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*महत्वपूर्ण : एसीपी/एमएसीपी के तहत स्वीकृत वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए व्यक्तिगत होता है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए/ वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी के ब्यौरे का निम्नानुसार निर्दिष्ट किया जाए जहां आवेदक द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हों:

| कार्यालय/संस्था | एसीपी/एमएसीपी स्कीम के तहत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोजगार का स्वरूप अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्धस्थायी अथवा स्थायी | |
| 9. प्रतिनियुक्ति / अनुबंध आधार पर धारित वर्तमान रोजगार के मामले में कृपया उल्लेख करें | |

| (क) प्रारंभिक नियुक्ति की | (ख) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | (ग) आव्द्थक का मूल कार्यालय/ संगठन | (घ) मूल संगठन में वास्तविक सामथर्य मथर्य में धारित पद का नाम और वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 9.1 टिप्पणी: पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के मामले में ऐसे अधिकारियों के आवेदन उनके मूल कैडर/ विभाग द्वारा संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए।<br><br>9.2 टिप्पणी : ऊपर कॉलम 9 (ग) और 9 (घ) के तहत सूचना उन सभी मामलों में दी जाए जहाँ कोई आवेदक कैडर/ संगठन से इतर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है परंतु अपने मूल कैडर/संगठन में अभी भी ग्रहणाधिकार पर है। | |
| 10. आवेदक द्वारा पूर्व में यदि कोई पद प्रतिनियुक्ति पर धारित किया गया है तो पिछली प्रतिनियुक्ति से वापस आने की तारीख और अन्य ब्यौरे | |
| 11. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरे। कृपया उल्लेख करें - निम्नलिखित के अंतर्गत कार्यरत है: (संबद्ध कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम निर्दिष्ट करें)<br>(क) केंद्र सरकार के मंत्रालय/विभाग/ कार्यालय का नाम | |
| 12. कृपया उल्लेख करें : क्या आप उसी विभाग में और फीडर ग्रेड अथवा फीडर के फीडर में कार्यरत हैं | |
| 13. क्या आप वेतन के संशोधित वेतनमान में हैं। यदि हां, तो संशोधन की तारीख और संशोधन पूर्व वेतनमान का उल्लेख करें। | |

14. प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियां

| वेतनबैंड में मूल वेतन | ग्रेड वेतन | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 15. आवेदित पद के संबंध में, पद हेतु आपकी उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो। (इसके अलावा (1) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता (2) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (3) रिक्ति परिपत्र/ विज्ञापन में निर्धारित अतिरिक्त कार्य अनुभव, के संबंध में सूचना प्राप्त की जा सकती है।) (टिप्पणी : स्थान अपर्याप्त होने पर अलग शीट संलग्न करें) | |
| 16. उपलब्धियां:- उम्मीदवार कृपया निम्नलिखित के संबंध में सूचना उपलब्ध कराएं:-<br>(I) अनुसंधान प्रकशन और रिपोर्ट्स तथा विशेष प्रोजेक्ट्स<br>(II) पुरस्कार/छात्रवृति/आधिकारिक प्रशस्ति<br>(III) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं समितियों से संबंधन और<br>(IV) अपने नाम से पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट्स<br>(V) अनुसंधान/नवाचार जिसे आधिकारिक पहचान मिली हो<br>(VI) कोई अन्य सूचना<br>(टिप्पणी:स्थान अपर्याप्त होने पर कृपया अलग शीट संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और मुझे इसकी पूरी जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित मेरे जीवनवृत में प्रस्तुत सूचना का पद के लिए चयन के समय समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदत्त सूचना/ब्यौरे मेरी जानकारी में पूर्ण रूप से ठीक और सत्य हैं तथा मेरे चयन को प्रभावित करने वाले किसी विषय को छुपाया/ रोका नहीं गया है।

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**पता:-** .......................

**ईमेल सहित** .....................

**मोबाइल नं.**.............................

दिनांक..............................................

स्थान ..............................................

**अनुबंध-III**

## नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि कार्यालय के अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार आवेदक द्वारा अनुबंध-II में दी गई सूचनाएं, ब्यौरे सत्य और ठीक है। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते / रखती है। चयन होने की स्थिति में उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :-

(i) श्री/श्रीमती....................................के विरुद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचारणीय नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

(iii) उनकी सत्यनिष्ठा रिपोर्ट मिसिल (सीआर डोजियर) की मूल प्रति संलग्न की जाती है। भारत सरकार के अवर सचिव अथवा उससे ऊपर के पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 05 वर्षो की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट की छाया प्रतियां संलग्न की जाती हैं।

(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/ छोटी शास्ति आरोपित नहीं की गई है अथवा पिछले 10 वर्षो के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/ छोटी शास्ति की सूची संलग्न की गई है। (जैसा भी मामला हो)

प्रति हस्ताक्षरित

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक अधिकारी मुहर सहित)